कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी।

प्रेस-नोट

दिनांक- 12-04-2024

विषयः- अवैध देशी शराब के साथ एक अभियुक्त थाना लंका पुलिस द्वारा गिरफ्तार ।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराधों की रोकथाम तथा आगामी लोकसभा चुनाव- 2024 के मद्देनजर चोरी/लूट की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त भेलूपुर व प्रभारी निरीक्षक लंका के नेतृत्व में थाना लंका पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर दिनांक 12.04.2024 को लंका पुलिस द्वारा लौटूबीर मन्दिर के पास से 01 अभियुक्त शक्ति कुमार पुत्र वसन्त लाल निवासी रविन्द्रपुरी एक्सटेंशन भेलूपुर वाराणसी उम्र करीब 20 वर्ष को 10 लीटर अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया । उक्त बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना लंका पर मु0अ0सं0-0141/2024, धारा- 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

घटना विवरणः- दिनांक 12.04.2024 को गस्त, वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिर खास द्वारा सूचना मिली की एक व्यक्ति रमना की तरफ से काशीपुरम कालोनी की तरफ आ रहा है तथा हाथ में एक डिब्बे में देशी अवैध शराब लिये हुये है। यदि जल्दी किया जाये तो पकड़ा जा सकता है। सूचना पाकर थाना लंका पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुँचकर एक व्यक्ति को घेरघार कर पकड़ लिया गया। पकड़े गए व्यक्ति के पास से एक झोले में अवैध शराब बरामद हुयी। जिसके सम्बन्ध में विधिक कार्यवाही अमल में लायी गयी ।

पूछताछ विवरण-

अभियुक्त द्वारा पूछताछ पर बताया गया कि सर यह जो मेरे पास सफेद प्लास्टिक का डिब्बा है। इसमे देशी शराब है, जिसे मै ले जाकर कालोनियों मे मजदूरी का काम करने वाले लोगो को बेचता हूँ। साहब शराब बेचकर जो मुनाफा मिलता है उसी से हमलोग अपना व अपने परिवार का गुजारा करते हैं।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम-पता-

1. शक्ति कुमार पुत्र वसन्त लाल निवासी रविन्द्रपुरी एक्सटेंशन भेलूपुर वाराणसी उम्र करीब 20 वर्ष ।

विवरण बरामदगी

1. अभियुक्त शक्ति कुमार उपरोक्त के कब्जे से 10 लीटर अवैध देशी शराब बरामद ।

गिरफ्तारी का दिनांक व स्थान- दिनांक- 12.04.2024 को स्थान- लौटूबीर मन्दिर के पास, थाना क्षेत्र लंका, कमि0 वाराणसी ।

पंजीकृत अभियोग का विवरण -

1. मु0अ0सं0 0141/2024 धारा 60 आबकारी अधिनियम थाना लंका, कमि0 वाराणसी ।

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम

1. प्रभारी निरीक्षक शिवाकान्त मिश्र, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 प्रशान्त शिवहरे, चौकी प्रभारी रमना, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
3. का0 ब्रजेश प्रजापति, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त काशी जोन
कमिश्नरेट वाराणसी।